राज्यसभा के उपसभापति ने पद्मश्री बलबीर दत्त की पुस्तक 'भारत विभाजन और पाकिस्तान के षडयंत्र' का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

25 सितंबर, 2023 को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने झारखंड की राजधानी राँची के चेंबर भवन में आयोजित पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में पद्मश्री बलबीर दत्त की पुस्तक 'भारत विभाजन और पाकिस्तान के षड्यंत्र'का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- बलबीर दत्त बहुत डूबकर, खोजकर, अध्ययन और शोध के बाद चीजों को लिखते हैं। उसी क्रम में इस पुस्तक की रचना की गई है।
- यह पुस्तक नई पीढ़ी के लिये और वैसे सभी लोगों के लिये उपयोगी है, जो अपने काम को अच्छी तरह से संपन्न करना चाहते हैं। यह अतीत ही नहीं, वर्तमान और भविष्य को भी प्रभावित करता है।
- विदित है कि बलबीर दत्त का जन्म पाकिस्तान के लाहौर में हुआ था। विभाजन के दंश को उन्होंने करीब से देखा है, इसलिये उनकी किताब में प्रामाणिकता और दर्द साफ झलकता है।
- बलबीर दत्त ने अपनी किताब में प्रामाणिकता के साथ लिखा है कि देश के बँटवारे में जिन्ना एक माध्यम थे, औजार थे, वैसे अंग्रेज़ों ने अपनी लंबी योजना के तहत मुस्लिम लीग की स्थापना कराई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/deputy-chairman-of-rajya-sabha-launched-padmashree-balbir-dutt-book-bharat-vibhajan-aur-pakistan-ke-shadyantra